

# संकट के समय देश का विरोध नहीं साथ खड़े होना चाहिए : संजय जोशी

## भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री निजी कार्यक्रम में शामिल होने मैहर पहुंचे



नवभारत न्यूज

**मैहर 21 अप्रैल, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय संगठन महामंत्री संजय जोशी आज मैहर पहुंचे ,जहां पर पौड़ी धाम में मेरे राम पौड़ी धाम दर्शन पूजन किया , इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया । मैहर आगमन पर संजय जोशी का स्वागत किया गया जिसमें मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, अनिल चौरसिया ,सनत गौतम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।**

इस अवसर पर संजय जोशी ने बताया कि मैहर आगमन निजी कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे थे इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस एवं विरोधी दलों के पर हमला बोलते हुए कहा कि जब-जब देश में संकट आता है दूसरे दल के लोग भारत की शक्ति एवं देश के साथ खड़े होने की वजह वह खुद ही इसका विरोध करना शुरू करते हैं ऐसी स्थिति में देश के सामने दो समस्याएं खड़ी हो जाती हैं कि ऐसे कठिन समय पर वह बाहरी ताकते से लडे या अपने देश में रहने वाले बहरूपियों से जो समय-समय पर अपना रंग रूप बदलते रहते हैं कोरोना काल में भी महामारी बाहरी देशों से फैली जिससे कई देश में लाखों लोग प्रभावित हुए ऐसे कठिन समय में भारत में एकजुट और संयम के चलते इस बड़ी चुनौती का सामना कर एक बार पुन: अपने पैरों पर देश खड़ा हुआ और विश्व की चौथी बड़ी शक्ति बना इतने बड़े संकट काल के बाद आज विश्व में कई देशों में चल रहे युद्ध से भारत देश को भी महंगाई की मार झेलनी पड़ रही है लेकिन उसके बावजूद देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सरकार से जुड़े हुए लोग जनता का ध्यान देते हुए पूरा नियंत्रण अपने हाथों पर रख रखा है और आज इतनी कठिन समय पर जब देश के साथ खड़े होने की बारी आती है तो कांग्रेस के साथ दूसरे अन्य दल के लोग केवल विरोध दर्ज कर भारत की शक्तियों का मजाक उड़ाते हैं आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी है जिन्होंने देश में एकता और अखंडता और सर्वोच्च सत्ता अपने कार्यकर्ता संघ और संगठन की शक्ति से प्राप्त किया है. इस उपलब्धि में कई बड़े बलिदानियों के बलिदान और उनके कठिन परिश्रम से आज इतनी बड़ी पार्टी की विशाल शृंखला खड़ी हुई है।

### सरकार बेहतर काम कर रही है

संजय जोशी ने आगे कहा कि भारत देश में हर आम नागरिक के लिए सरकार बेहतर काम कर रही है और आज उसकी उपलब्धि देश में देखने को मिल रही है संजय जोशी मेरे राम पौड़ी धाम आश्रम के महंत श्री सूरज महाराज जी के बड़े सुपुत्र के विवाह समारोह में सम्मिलित होने पहुंचे थे उसके बाद वह जबलपुर के लिए प्रस्थान कर गए जबलपुर से बाय प्लेन के द्वारा दिल्ली पहुंचेंगे ।



# श्रीमद भागवत कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन सुन कर भावविभोर हुए श्रोता

▶ हवन भंडारा आज

नवभारत न्यूज

**रामपुरबघेलान 21 अप्रैल, रामपुर बाघेलान ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच सागर सिंह पर्वत के निज निवास ग्राम बांधा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथा के सातवें दिन व्यास श्री रामकृष्ण महाराज ( श्री वृन्दावन धाम ) ने सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गये।**

भागवत कथा का श्रवण करने विधायक विक्रम सिंह विक्की ,पूर्व विधायक प्रभाकर सिंह , बादल सिंह, रोहित कांत सिंह, मिश्रा जी, आलोक सिंह, शैलेश सिंह, दीपक सिंह, सूरज सिंह,सुरेंद्र शुक्ला,विनोद सिंह अजीत सिंह राजेश सिंह , मधुसूदन मिश्रा, शैलेंद्र निगम, कमलेश मिश्रा, रामजी गुप्ता,सहित परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे और कथा का रसपान किया।



# शास . कन्या रामपुर की छात्रा शालिनी साहू ने परिवार का गौरव बढ़ाया

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 21 अप्रैल, शास कन्या उच्च. माध्य. विद्यालय की छात्रा शालिनी साहू ने कक्षा 12 वीं गणित समूह से 500 में 482 अंक प्राप्त कर सबसे अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।**

छात्रा शालिनी साहू ने अपनी उपलब्धि का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन, माता पिता के सहयोग को देते हुए उनके द्वारा किए गए योगदान को दिया। छात्रा ने कहा कि कठिन मेहनत और लगन से कार्य करने पर सफलता प्राप्त होती हैं। मुझे इस बात पर अफसोस है कि यदि 1 या 2 अंक और मिल जाते तो मेरा भी नाम मध्य प्रदेश की टॉप 10 सूची में शामिल होता। छात्रा की सफलता से खुश होकर गृह ग्राम selhna पहुंच कर शिक्षक राजाराम वर्मा और रामबली सिंह ने मुंह मीठा करते हुए नगद पुरस्कार और भगवान गणेश की मूर्ति देकर छात्रा के उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते और अधिक मेहनत कर परिवार का नाम रोशन करते हुए जीवन को सशक्त बनाने का काम करे।

# प्रदेश मेरिट में शामिल मैहर के 6 मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

## मां शारदा के कराये दर्शन और कराया शहर भ्रमण







नवभारत न्यूज

**मैहर 21 अप्रैल । माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मैहर जिले के 6 मेधावी छात्र-छात्राओं ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रतिभा अभिनंदन समारोह आयोजित कर सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।**

कार्यक्रम में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष श्रीमती सुष्मिता पंकज सिंह परिहार, कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी, जिला पंचायत सीईओ शैलेन्द्र सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी गिरीश अग्निहोत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, शिक्षक और अभिभावक उपस्थित रहे।

इस दौरान सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के बाद विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें ढोल-नगाड़ों के साथ स्कूली बस में शहर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। विधायक एवं कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। प्रतिभाओं को कलेक्ट्रेट से घंटाघर होते हुए मां शारदा मंदिर और इंडियन कॉफी हाउस ले जाया गया, जहां उनके लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई।

कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जिले के लिए गर्व का विषय है कि इस वर्ष 6 छात्रों ने प्रदेश मेरिट में स्थान प्राप्त किया है, जिसमें बेटियों ने बाजी मारी है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि अगले वर्ष यह संख्या ब?कर 60 तक पहुंचे। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने अपनी ओर से प्रोत्साहन स्वरूप सभी मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन स्वरूप 10-10 हजार रुपए देने की घोषणा की। पुरूस्कृत होने वाले मैहर जिले में प्रदेश की मेरिट में आने वाले 6 मेधावी छात्र-छात्राओं में हाईस्कूल की परीक्षा में श्रुति कुशवाहा पिता राजभान कुशवाहा शास. उ.मा.वि.सन्नेही अंक 492 आठवां स्थान, शिवा साहू पिता रामनाथ साहू शास. उ.मा.वि.बदेरा अंक 491 नौवा स्थान, कुमारी दुर्गा पाण्डेय पिता विजय शंकर पाण्डेय सरस्वती शिशु मंदिर रामनगर अंक 491 नौवा स्थान, कुमारी आंचल देवी कोल पिता समरजीत कोल शास. हाई स्कूल अमरपाटन अंक 491 नौवा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार हायर सेकेण्डरी की परीक्षा में कुमारी शिवांशी गुप्ता पिता अजय गुप्ता शास. उ.मा.वि.रामगर अंक 485 सातवां स्थान तथा कुमारी सुजला पटेल पिता रवेन्द्र कुमार पटेल बाल भारती पब्लिक उ.मा.वि. अमरपाटन अंक 484 ने प्रदेश की मेरिट में आठवां स्थान बनाया है। कार्यक्रम के अंत में शिक्षा विभाग द्वारा अतिथियों का शाल एवं पौधा भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य जयनारायण पाण्डेय ने किया।

# आदर्श उच्च माध्य विद्यालय रामपुर का बोर्ड परीक्षा परिणाम 74 प्र . रहा



नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 21 अप्रैल, नगर परिषद रामपुर बघेलान में संचालित आदर्श उच्च माध्य विद्यालय रामपुर बघेलान का शैक्षणिक सत्र 2025,26 का हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम औसत 74 प्र. रहा.**

जिसमें जिसमें प्रियांशु 94, वंदना सिंह 93, प्रांशी सिंह 90, मधु सिंह 84, अभिषेक सिंह 84, शरद विश्वकर्मा 82, शनि सिंह 80, दुर्गेश्वरी परिहार 80, प्रिया सिंह 80, रागिनी सिंह 80, प्रतीक्षा 80, पलक सिंह 80, शनि कोल 79, सुरेश रावत 78, काजल पाल 77, अंकिता सिंह 75त्न अंकों से उत्तीर्ण होकर अपने माता पिता, शिक्षकों का नाम रोशन किया। मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा 75त्न से अधिक अंक लाने पर विद्यार्थियों को 25000 रुपए प्रदान किए जाते है ।विद्यालय के प्राचार्य रामचरित सिंह ने मुंह मीठा करते हुए सभी विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं दी और कहा कि यह आपके जीवन की अंतिम परीक्षा नहीं है आपको लगातार कठिन मेहनत करनी होगी जिससे आप सब का जीवन सफल हो सके। जिन बच्चों का परीक्षा परिणाम एक या दो विषयो में रुका हुआ है वे सभी पुन: प्रयास करे और 7 मई 26 से होने वाली द्वितीय अवसर की परीक्षा में सम्मिलित होकर सफलता अर्जित करते हुए अपना नाम रोशन करे।

# रजरवार हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन



नवभारत न्यूज

**कोटर 21 अप्रैल, क्षेत्र अंतर्गत रजरवार स्थित हनुमान मंदिर में आज भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भगवान राम दरबार की स्थापना के शुभ अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला।**

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने भाग लिया, जिससे मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में जनसैलाब उमड़ पड़ा। ग्रामीणों और मंदिर समिति के सहयोग से पूरे कार्यक्रम की व्यवस्था की गई थी। आयोजन में साफ-सफाई, पेयजल और अन्य सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को लेकर खुशी जताई और इसे क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रतीक बताया। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम का समापन भजन-कीर्तन और आरती के साथ हुआ।




# मैहर जिले की जनसुनवाई में आये 39 आवेदन

नवभारत न्यूज

**मैहर 21 अप्रैल । कलेक्टर मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने मंगलवार को जनसुनवाई में जिले के विभिन्न अंचलों से प्राप्त 39 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।**

इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री संजना जैन, एसडीएम मैहर श्रीमती दिव्या पटेल, डिप्टी कलेक्टर आशिमा पटेल द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गई।

# अल्ट्राटेक ने भारत में 200 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता का आंकड़ा पार किया



नवभारत न्यूज

**सतना 21 अप्रैल,आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ने घोषणा की है कि उन्होंने भारत में 200+ मिलियन टन प्रति वर्षस्थापित सीमेंट निर्माण क्षमता का आंकड़ा पार कर लिया है।**

कंपनी नेतीन नई सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट्स शुरू की हैं, जिनकी कुल क्षमता 8.7 मिलियन टन प्रति वर्षहै। इसके साथ ही, अल्ट्राटेक चीन को छोड़कर, बिक्री की मात्रा और क्षमता के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी बन गई है। नई तीन सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट्स शाहजहाँपुर, पतरातू और विशाखापत्तनम में स्थापित की गई हैं। इन्हें रणनीतिक रूप से इस तरह स्थापित किया गया है कि उत्तर भारत के तेजी से बढ़ते निर्माण क्षेत्र, झारखंड के औद्योगिक इलाके और आंध्र प्रदेश के तेजी से शहरीकरण वाले तटीय क्षेत्र को मजबूत आपूर्ति मिल सके। इन नई यूनिट्स के जुड़ने के बाद अल्ट्राटेक की भारत में कुल क्षमता 200.1 मिलियन टन प्रति वर्षहो गई है, जबकि वैश्विक स्तर पर इसकी संयुक्त क्षमता 205.5 मिलियन टन प्रति वर्षतक पहुंच गई है। इसमें संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और श्रीलंका में संचालित यूनिट्स से 5.4 मिलियन टन प्रति वर्षक्षमता शामिल है। अल्ट्राटेक की वृद्धि केवल आकार में ही नहीं, बल्कि गति में भी उल्लेखनीय रही है। कंपनी को 100+ मिलियन टन प्रति वर्षतक पहुंचने में 36 वर्ष लगे थे, जो उपलब्धि उसने 2019 में हासिल की थी। इसके बाद अगले 100 मिलियन टन प्रति वर्ष तक पहुंचने में उसे सात वर्ष से भी कम समय लगा। यह कंपनी की मजबूत कार्यान्वयन क्षमता और भारत की इंफ्रास्ट्रक्चर की महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। अल्ट्राटेक भारत में हर तीन में से एक घर के निर्माण में योगदान देता है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की हर पांच किलोमीटर कंक्रीट सड़कों में से दो किलोमीटर निर्माण में इसकी भागीदारी है, जबकि देश की हर पांच किलोमीटर मेट्रो रेल परियोजना में से चार किलोमीटर में इसका सीमेंट इस्तेमाल हुआ है। कंपनी के सीमेंट का उपयोग नई संसद भवन, मुंबई कोस्टल रोड, द्वारका एक्सप्रेसवे, नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, सोनमर्ग सुरंग और मुंबई अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर जैसी प्रमुख परियोजनाओं में किया गया है।

# मंदाकिनी नदी के पुनर्जीवन पर 25,26 को कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 21 अप्रैल, दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा मंदाकिनी नदी के पुनर्जीवन, सीवेज प्रबंधन एवं पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पर 25-26 अप्रैल को आरोग्यधाम सभागार में दो दिवसीय विचार-विमर्श बैठक-सह-कार्यशाला एवं क्षेत्र भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है।**

जिसमें आईआईटी, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता रहेगी। कार्यशाला का शुभारंभ दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव श्री अभय महाजन के स्वागत उद्बोधन के साथ होगा। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के महानिदेशक राजीव कुमार मित्तल, राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के संयुक्त सचिव जैघम खान, राष्ट्रीय मिशन निदेशक अमृत की अपर सचिव सुश्री डी. थारा, नगरीय विकास एवं आवास विभाग मध्य प्रदेश के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, नगरीय प्रशासन एवं विकास निदेशालय भोपाल के आयुक्त संकेत भोंडवे, प्रधान मुख्य वन संरक्षक मध्य प्रदेश डॉ बी एन अंबाडे, महानिदेशक पर्यावरण योजना एवं समन्वय संगठन भोपाल अशोक कुमार बरनवाल, सदस्य सचिव मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल ए ए मिश्रा, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल के निदेशक डॉ अजीत कुमार विद्यार्थी आदि प्रमुख आला अधिकारियों की उपस्थिति संभावित है। गौरतलब है कि चित्रकूट, जो मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित एक अत्यंत महत्वपूर्ण सांस्कृतिक एवं पारिस्थितिक क्षेत्र है, अपनी जीवनरेखा मंदाकिनी नदी के लिए प्रसिद्ध है।

# उचेहरा में जनगणना – 2027 की तैयारी

▶ एसडीएम-तहसीलदार के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



नवभारत न्यूज

**सतना, 21 अप्रैल । जनपद पंचायत सभागार, उचेहरा में आज जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर चल रहा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।**

एसडीएम सोमेश द्विवेदी और तहसीलदार ज्योति पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में ब्लॉक के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को डिजिटल जनगणना की बारीकियां सिखाई गईं।

**प्रशिक्षण में शामिल हुए विभिन्न विभागों के कर्मचारी-** तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और पटवारियों सहित कई विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया। इन सभी को आगामी जनगणना में प्रगणक और सुपरवाइजर की जिम्मेदारी निभानी है। मास्टर ट्रेनरों ने प्रतिभागियों को मकान सूचीकरण, परिवारों का विवरण संकलन और मोबाइल एप से डाटा एंट्री की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया।

# ब्रम्हा जी ने किया था शंकर भगवान की प्रतिमा की स्थापना,मनोकामनाओं के पूरक हैं मत्स्यगयेन्द्रनाथ

## इन्हीं से आज्ञा लेकर प्रमु श्रीराम साढ़े ग्यारह वर्ष चित्रकूट में रहे, रामघाट स्थित मत्स्यगयेन्द्रनाथ मंदिर में भजन पूजन करते पुजारी प्रदीप महाराज व भक्तजन



नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 21 अप्रैल। भारत वर्ष के सांस्कृतिक गौरव का केन्द्र बिन्दु चित्रकूट में मंदाकिनी तट मत्स्यगयेन्द्रनाथ भगवान भोले का मंदिर है जो सभी कामनाओं के पूरक माने जाते हैं। यहां जो भी भक्त सच्चे मन से अपनी मन्नतें मांगता है भगवान भोले उनकी मनोकामनायें अवश्य पूरी करते हैं ।**

मंदिर के पुजारी पं0 प्रदीप तिवारी बताते हैं कि मर्यादा पुरूषोंत्तम भगवान श्रीराम की वनवास स्थली चित्रकूट अत्यन्त प्राचीन ऐतिहासिक ,प्राकृतिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल है। यहां रामघाट में स्थित मत्स्यगयेन्द्रनाथ का प्राचीन मंदिर मनोकामनाओं के पूरक हैं। इस मंदिर मं स्थापित श्रीशंकर भगवान की प्रतिमा सृष्टि रचना के पूर्व ब्रम्हा जी ने किया था। बताते हैं ब्रम्हा जी ने 30 धनुष के आयात में जगह लेकर 108 कुण्ड बनाकर यज्ञ किया था जिसके फलस्वरूप उन्हें शिवमूर्ति प्राप्त हुई वहीं प्रतिमा इस मंदिर में स्थापित है। त्रेता में जब भगवान राम वनवास हेतु चित्रकूट आये तो इन्हीं से आज्ञा लेकर भगवान राम ने यहां साढे ग्यारह वर्ष पूरे किये। सन् 1683 में कालिंजर विजय हेतु मुगल सम्राट औरंगजेब इस क्षेत्र में आया तो चित्रकूट को बुन्देलखण्ड का प्रसिद्ध तीर्थ मानकार मंदिर तोडने हेतु चित्रकूट आया। यहां आकर उसने श्री मत्यगयेन्द्र नाथ जी की मूर्ति को तोड़ने के उद्देश्य से टांकी चलायी तो ठीक उसी समय औरंगजेब सहित सेना में हैजे की बीमारी फैल गई। कुछ इतिहासकारों एव विद्वानों का इस विषय में अपने अलग-अलग विचार हैं। जिनमें कुछ का मानना है कि मूर्ति उछल कर मन्दाकिनी नदी में चली गई और कुछ का मानना है कि यह वहीं प्राचीन प्रतिमा हैं जब औरंगजेब के शाही हकीमों ने इलाज से इन्कार कर दिया तब उसने यहां के निवासी कोल भीलों से पूंछा कि आप लोग बीमारी आदि में किस हकीम से इलाज करवाते हो तो उन्होंने वर्तमान बालाजी मंदिर के पास रहने वाले एक साधु के बारे में बताया।

तब औरंगजेब उस साधु के पास गया और अपनी बीमारी का इलाज पूंछा तो उन्होंने अपनी धूनी की राख औरंगजेब को दिया जिससे वह स्वस्थ्य हो गया तब औरंगजेब ने उस साधु से कहा कि मैं आप की क्या सेवा करूं, तो साधु ने उसे तत्काल चित्रकूट छोड़ने को कहा और औरंगजेब ने अपनेद्वारा निर्मित हो रही मस्जिद को उस साध को मन्दिर हेतु दान कर दिया । उस मंदिर के खर्चे के लिये 8 गांव की जागीर भी लगा दिया।

इस प्रकार यह मंदिर अपने आप में एक अद्भुत और ज्वलंत उदाहरण है। यहां प्रति सोमवार, प्रदोष , प्रमुख त्योहारों षिवरात्रि आदि पर्वों एवं अमावस्या पर विषेष भीड एकत्र होती है जो श्री मत्यगयेन्द्र नाथ जी का पूजन, दर्षन करके अपनी-अपनी कामनाओं को पूरा करती हैं । जो भी भक्त दर्षनार्थी यहां किसी भी प्रकार की कामना करता है और श्रद्धा विश्वास के साथ पूजन एवं अर्चना करता है तो उसकी कामना अवश्य पूरी होती है इस में किसी भी प्रकार का सन्देह नहीं है।